सोमवार

30 जनवरी 2023

डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स

आपकी आवाज




पंडाल में सो रहे पूजा समिति के सदस्य की गोली मारकर हत्या 3



# नफरत हारेगी, मोहब्बत जीतेगी... भारत में उम्मीदों का नया सवेरा होगा: राहुल

**एजेंसी/श्रीनगर**

- राहुल गांधी ने श्रीनगर के लाल चौक पर राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया, कहा-वादा पूरा किया
- प्रधानमंत्री पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा, कश्मीरी पंडित भाजपा सरकार से पूछ रहे हैं हमारा राजनीतिक इस्तेमाल करने के अलावा आपने हमारे लिए किया ही क्या है?



राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 150वें दिन के लंबे सफर के बाद श्रीनगर के लाल चौक पहुंच गई। लाल चौक पर राहुल गांधी ने तय कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया। इसके बाद उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, लाल चौक पर तिरंगा लहराकर, भारत से किया वादा आज पूरा हुआ। उन्होंने आगे कहा कि नफरत हारेगी, मोहब्बत हमेशा जीतेगी, भारत में उम्मीदों का नया सवेरा होगा। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को आड़े हाथों लेते हुए लिखा, आज, कश्मीरी पंडित भाजपा सरकार से पूछ रहे हैं हमारा राजनीतिक इस्तेमाल करने के अलावा आपने हमारे लिए किया ही क्या है? जवाब है, प्रधानमंत्री जी? इससे पहले, 24 जनवरी को राहुल गांधी ने कश्मीरी पंडितों के एक 13 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की थी। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को कश्मीरी पंडितों से यह कहने के लिए माफी मांगनी चाहिए कि उन्हें भीख नहीं मांगनी चाहिए। कश्मीरी पंडित भीख नहीं मांग रहे हैं, वे अपना अधिकार मांग रहे हैं।

## लाल चौक पर किए गए थे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

लाल चौक पर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। कश्मीर में यात्रा के दौरान राहुल गांधी की सुरक्षा में एक बार चूक भी हुई थी। इसको देखते हुए लाल चौक के आसपास के पूरे इलाके को सील कर दिया गया और सिटी सेंटर के चारों तरफ बहुस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया था। प्रशासन इस बार किसी प्रकार की चूक नहीं होने देना चाह रही थी।

भारत जोड़ो यात्रा 7 सितम्बर, 2022 को कन्याकुमारी से निकली यात्रा का 5 महीने बाद 30 जनवरी को जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में समापन होगा। इसका साथ ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने समान विचारधारा वाले कुल 21 दलों को पत्र लिखकर 30 जनवरी को भारत जोड़ो यात्रा के समापन कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

## महबूबा मुफ्ती ने राहुल की तुलना पंडित नेहरू से की

जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने राहुल की तुलना पं. नेहरू से करते हुए कहा, 1948 में जब प्रथम प्रधानमंत्री पं. नेहरू ने पहली बार कश्मीर में लोगों की भीड़ के बीच तिरंगा फहराया था। वह एक महत्वपूर्ण अवसर था। जम्मू-कश्मीर के लोगों ने आक्रमणकारियों का सफलतापूर्वक मुकाबला करते हुए उन्हें पीछे धकेल दिया था और इस तरह आपसी विश्वास और सम्मान पर आधारित भारत के साथ एक नए रिश्ते की शुरूआत हुई थी। पीडीपी चीफ ने कहा, आज इतिहास गवाह है कि राहुल गांधी ने उसी झंडे को पूरी तरह से अलग परिस्थितियों में फहराया है। कहा, अब जम्मू-कश्मीर को एक सैन्य छावनी में बदल दिया गया है। भारतीय संविधान की ओर से दिए गए आश्वासनों को बीजेपी ने ध्वस्त कर दिया गया है।

# बीजेपी ने नीतीश से किया तौबा कहा, अब कभी नहीं होगा मेल



**एजेंसी/दरभंगा**

- बीजेपी की दरभंगा में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने किया ऐलान
- तावड़े बोले, ऐसा कोई सगा नहीं जिसे नीतीश ने ठगा नहीं

बिहार में बीजेपी ने साफ कर दिया है कि अब किसी कीमत पर नीतीश कुमार के साथ मेल नहीं होगा। बिहार बीजेपी की दरभंगा में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने यह ऐलान किया है। बिहार बीजेपी के नेताओं को संबोधित करते हुए बीजेपी प्रभारी विनोद ताबड़े ने कहा कि मैंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं भारत के गृह मंत्री अमित शाह से बात की है। उन्होंने स्पष्टता से कहा है कि किसी भी सूरत में जदयू से गठबंधन नहीं करेंगे। बीजेपी प्रभारी ने कहा कि नीतीश कुमार के साथ एक राजनीतिक स्थिति यह है कि वो किसी के सगे नहीं हैं। ऐसा कोई सगा नहीं...जिसे नीतीश ने ठगा नहीं। सबसे पहले देवीलाल इसके बाद लालू यादव, रामविलास पासवान, जॉर्ज फर्नांडिस, शरद यादव को ठगा,अब भाजपा उनकी शिकार बनी है।

भाजपा नेता ने कहा कि नीतीश कुमार आर्थिक - सामाजिक विकास के विरोधी हैं। केंद्र सरकार द्वारा लगातार राशि उपलब्ध कराए जाने के बाद भी बिहार का विकास रुका हुआ है। महागठबंधन के सत्ता में आने के बाद बिहार में हमारे महापुरुषों एवं महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथों पर आघात हो रहे हैं। सामाजिक वैमनस्व को बढ़ाया जा रहा है एवं विकास के मुद्दो से ध्यान भटकाने की कोशिश हो रही है। ऐसे में हम यह कह सकते हैं की बिहार में नीतिगत मुद्दों पर बहस बंद हो गई है। जन विकास के मसलों पर महागठबंधन सरकार का कोई ध्यान नहीं है।

## राज्य में बेलगाम हो गए हैं अपराधी: सम्राट

बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष सम्राट चौधरी ने राज्य में बढ़े अपराध पर नीतीश सरकार को कोसा है। उन्होंने कहा है कि जंगल राज के पर्याय राजद के साथ बिहार में चल रही महागठबंधन की सरकार में रोज औसतन 10 लोगों की हत्याएं हो रही हैं। राजनीतिक अस्थिरता से पूरे राज्य में प्रशासनिक अराजकता की स्थिति है। अपराधी बेलगाम हो गए हैं।

## खबरें फटाफट

### इंग्लैंड को हरा भारत ने अंडर-19 वीमेन्स टी-20 वर्ल्ड कप जीता

**नई दिल्ली।** भारत ने दक्षिण अफ्रिका में खेले गए अंडर 19 वीमेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2023 के खिताब पर कब्जा कर लिया है। भारतीय टीम ने फाइनल में इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया। भारत के लिए सौम्या तिवारी, त्रिशा और अर्चना देवी ने शानदार प्रदर्शन किया। अर्चना, पार्श्वी चोपड़ा और तितस साधु ने 2-2 विकेट अपने नाम किए। भारत ने शेफाली वर्मा की कप्तानी में खिताब जीता है। इंग्लैंड की टीम पहले बैटिंग करते हुए महज 68 रनों के स्कोर पर ढेर हो गई। इंग्लैंड के दिए लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 14 ओवरों में ही मैच जीत लिया। टीम इंडिया के लिए सौम्या तिवारी ने नाबाद 24 रन बनाए। कप्तान शेफाली ने 15 रनों का योगदान दिया। त्रिशा ने 24 रन बनाए। भारत की ओर से पार्श्वी चोपड़ा, अर्चना देवी और तितस साधु ने 2-2 विकेट अपने नाम किए।

### दिल्ली-एनसीआर में बड़े हमले की चेतावनी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर खालिस्तानी स्लीपर सेल एक्टिव हो गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों ने बड़े हमले की चेतावनी दी है। खुफिया एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में खालिस्तानी स्लीपर सेल के आतंकी नेटवर्क सक्रिय पाए गए हैं। बताया गया कि पश्चिमी दिल्ली के कई इलाकों में खालिस्तान समर्थक पोस्टर देखे गए हैं। इससे पुलिस में भी खलबली मच गई है।

### मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में कैमूर जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा

# स्प्रिंकलर सिंचाई व जैविक विधि से खेती को बढ़ावा दें अधिकारी: नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को समाधान यात्रा के क्रम में कैमूर जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कैमूर जिलान्तर्गत भगवानपुर प्रखंड के ग्राम पढ़ौती स्थित वार्ड संख्या-9 का भ्रमण कर पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के पढ़ौती ताल, हर घर नल का जल तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना आदि की जानकारी ली। जीविका दीदियों एवं किसानों द्वारा स्प्रिंकलर के माध्यम से सिंचाई कर जैविक तकनीक से प्याज, सरसों, मटर, चना आदि की खेती की जा रही है, जिसका मुख्यमंत्री ने मुआयना किया। इस दौरान किसानों ने मुख्यमंत्री को स्प्रिंकलर सिंचाई एवं जैविक तकनीक से की जा रही खेती से होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दी। किसानों ने बताया कि स्प्रिंकलर के माध्यम से खेत की सिंचाई करने पर खेत की नमी जल्द ही खत्म हो जाती है जिससे प्याज का साइज बड़ा होता है। अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसको प्रमोट करायें, ये किसानों के लिये लाभकारी है।

मुख्यमंत्री ने पढ़ौती ग्राम के वार्ड संख्या- 9 में स्थित महादलित बस्ती का जायजा लेने के क्रम में लोगों की समस्यायें सुनीं और उसके यथाशीघ्र समाधान के लिये अधिकारियों को निर्देश दिया। बिहार महादलित सामुदायिक भवन- सह वर्क शेड पढ़ौती का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने बिहार महादलित विकास मिशन अंतर्गत संचालित रविदास किशोरी समूह एवं अंबेडकर किशोरी समूह की बालिकाओं से बातचीत की। ग्राम पढ़ौती के वार्ड संख्या-7 में मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत जीर्णोद्धार किये गये कुएं एवं सोखता निर्माण का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने ग्राम कोचाड़ी में विभिन्न लाभकारी योजनाओं से संबंधित किट एवं सर्टिफिकेट का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने सतत जीविकोपार्जन योजना के तहत भगवानपुर के विभिन्न समूहों से जुड़े 230 परिवारों को 1 करोड़ 1 लाख 46 हजार 260 रुपये का सांकेतिक चेक जीविका दीदियों को प्रदान किया। मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ते का सांकेतिक चेक भी दिया।

## जिले में खाद की कोई दिक्कत नहीं : सीएम

किसानों को खाद मिलने में हो रही परेशानी के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस जिले में खाद की कोई दिक्कत नहीं है। किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। समीक्षा बैठक में हमने इन इलाकों से धान की अधिप्राप्ति करने का निर्देश दिया था। इन इलाकों के साथ ही तीन-चार जिलों में लोग अरवा चावल खाते हैं। बाकी जगहों पर उसना चावल को लेकर काम चल रहा है।

## हर खेत तक पानी का कर रहे हैं इंतजाम

क्षेत्र में पानी की समस्या पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वो सब हम देख रहे हैं। कहीं पर अगर नल का जल नहीं मिल रहा है तो उसको देखना है और वहां पर नल का जल उपलब्ध कराना है। हर हाल में उसको मेंटेन रखना है ताकि लोगों को कोई दिक्कत नहीं हो। घूमने से पूरे जिले के बारे में पता चलेगा, कहां क्या परेशानी है। हर खेत तक सिंचाई के लिए हमलोग पानी का इंतजाम कर रहे हैं।

**अगले कुछ सालों में 10 लाख लोगों को नौकरी:** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने तय कर दिया है कि अगले कुछ सालों में हमलोग 10 लाख लोगों को नौकरी देने की कोशिश करेंगे। अभी हाल में 28 हजार लोगों को नौकरी दी गई है। कैमूर पहाड़ी इलाकों में मोबाइल का नेटवर्क नहीं होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसको लेकर काम किया जा रहा है।

## ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री को मारी गोली, हालत नाजुक

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास पर रविवार को जानलेवा हमला हुआ है। एक पुलिसकर्मी ने उन पर गोलियां चलाई हैं। मंत्री की हालत नाजुक है। मंत्री को लाइफ सपोर्ट सिस्टम के साथ एयरलिफ्ट कर भुवनेश्वर लाया गया है। दास को भुवनेश्वर के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पाकर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक अपोलो अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मंत्री के बेटे से बात की और परिवारवालों से सांत्वना जताई। ओडिशा के ब्रजराजनगर में रविवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे मंत्री दास पर गोलियां चलाई गईं, उस समय वह एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे।






### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश को किया संबोधित

# पद्म पुरस्कार पाने वालों के बारे में लोगों को जानना चाहिए: मोदी

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिए देश को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि देशभर के लोगों ने उनके साथ अपने विचार शेयर किए। कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह के बारे में उन्होंने बताया। पीएम मोदी ने कहा कि पद्म पुरस्कार विजेताओं की एक बड़ी संख्या आदिवासी समुदायों और आदिवासी समाज से जुड़े लोगों से आती है। आदिवासी जीवन शहर के जीवन से अलग है, इसकी अपनी चुनौतियां भी हैं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि लोगों को पद्म पुरस्कार पाने वालों के बारे में जानना चाहिए। जनजातीय समुदायों से जुड़ी चीजों के संरक्षण और उन पर शोध के प्रयास भी होते हैं। ऐसे ही टोटो, हो, कुइ, कुवी और मांडा जैसी जनजातीय भाषाओं पर काम करने वाले कई महानुभावों को पद्म पुरस्कार मिले हैं। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है।

## बाबासाहेब ने बौद्ध भिक्षु संघ की तुलना भारतीय संसद से की थी

पीएम ने कहा कि डॉ अम्बेडकर ने बौद्ध भिक्षु संघ की तुलना भारतीय संसद से की थी। उन्होंने उसे एक ऐसी संस्था बताया था, जहां प्रस्ताव, संकल्प, कोरम और वोटों की गिनती के लिए कई नियम थे। बाबासाहेब का मानना था कि भगवान बुद्ध को इसकी प्रेरणा उस समय की राजनीतिक व्यवस्थाओं से मिली होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित करने का निर्णय भारत के प्रस्ताव के बाद लिया है। योग भी स्वास्थ्य से जुड़ा है और बाजरा भी स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दोनों अभियानों में जनता की भागीदारी के कारण एक क्रांति रास्ते पर है।

## जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के संरक्षण की चर्चा

पीएम ने कहा कि ई-कचरा को ठीक से व्यवस्थित नहीं किया गया, तो यह हमारे पर्यावरण के भी नुकसान पहुंचा सकता है। अगर सावधानीपूर्वक इसका उपयोग किया जाता है, तो यह रीसायकल और पुन: उपयोग की परिपत्र अर्थव्यवस्था की बहुत बड़ी ताकत बन सकती है। पीएम ने कहा कि आज पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के संरक्षण की बहुत चर्चा होती है। इस दिशा में भारत के ठोस प्रयासों के बारे में हम लगातार बात करते हैं। अब हमारे देश में रामसर साइट्स की कुल संख्या 75 हो गई है, जबकि 2014 से पहले देश में केवल 26 रामसर साइट्स थीं।

## खबरें फटाफट

### रात में ग्रिल काट द. बिहार ग्रामीण बैंक में घुसे चोर

**सासाराम।** जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के खुमार्बाद स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के शाखा में रविवार दोपहर पुलिस के डॉग स्क्वायड की टीम चोरी के वारदात के जांच को पहुंची। ज्ञात हो कि शनिवार रात चोरों ने ग्रिल काट बैंक में घुसने में सफल हो गए थे, परंतु वे लॉकर को काटने में असफल रहे थे। सुबह मकान मालिक के द्वारा इसकी सूचना बैंक प्रबंधन को दी गई। सूचना पर पहुंचे बैंक प्रबंधक एवं अन्य स्टाफ ने देखा कि बैंक के खिड़की के ग्रिल के चार रड को गैस कटर से काट कर मोड़ दिए गए हैं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। सूचना मिलते ही चेनारी थाना कि पुलिस पहुंची। जांच में देखा कि चोर बैंक का लॉकर खोल पाने में असफल हो गए थे, किसी तरह कैश की चोरी नहीं हुई है। पहचान छुपाने के लिए चोरों द्वारा बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त किया गया था।

### चेनारी थानाध्यक्ष के वेतन पर रोक

**सासाराम।** जिला व्यवहार न्यायालय ने शनिवार को चेनारी थानाध्यक्ष के वेतन निकासी पर रोक लगा दी है। 28 साल पुराने मामले में वारंट का तामिला ना कराने पर कोर्ट सख्त हुआ है। उक्त आदेश एसपी रोहतास के माध्यम से जारी किया गया है। जिला व्यवहार न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम मनोज कुमार की अदालत ने कोर्ट में अभियुक्तों की उपस्थिति से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए यह कार्रवाई की है, चेनारी थानाध्यक्ष के वेतन निकासी पर तत्काल रोक लगाने का आदेश जारी किया है। बताते चलें कि उक्त मामला सत्र वाद संख्या 171 ए 2002 चल रहा है। इस मामले की प्राथमिकी 28 साल पूर्व चेनारी थाना में 1995 में दर्ज हुई थी।

# दक्ष वार्षिक खेल कार्यक्रम: हैंडबॉल अंडर-14 बालक वर्ग में जहानाबाद प्रखंड विजेता

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जहानाबाद में दक्ष वार्षिक खेल कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन चल रहा है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन रविवार को रग्बी, शतरंज, हैण्डबॉल तथा भारोत्तोलन खेल हुए। **हैंडबॉल** अंडर-14 बालक वर्ग में जहानाबाद प्रखंड विजेता रहा एवं हैंडबॉल अंडर-14 बालिक वर्ग में भी जहानाबाद प्रखंड विजेता रहा। हैंडबॉल अंडर-17 बालक वर्ग में जहानाबाद प्रखंड विजेता एवं हैंडबॉल अंडर-17 बालिका वर्ग में मखदुमपुर प्रखंड विजेता एवं जहानाबाद प्रखंड उप विजेता रहा। हैंडबॉल अंडर-19 वर्ग में जहानाबाद प्रखंड विजेता रहा। हैण्डबॉल अंडर-19 बालिका वर्ग में मखदुमपुर प्रखंड विजेता रही।

**रग्बी** खेल प्रतियोगिता अंडर-14 बालक वर्ग में जहानाबाद प्रखंड विजेता रहा एवं रग्बी अंडर-14 बालिका वर्ग में भी जहानाबाद प्रखंड विजेता रहा। रग्बी अंडर-17 बालक वर्ग में जहानाबाद प्रखंड विजेता एवं मखदुमपुर प्रखंड उप विजेता रहा। रग्बी बालिका अंडर-17 में भी जहानाबाद प्रखंड विजेता रहा। रग्बी अंडर-19 बालिका वर्ग में मखदुमपुर प्रखंड विजेता रहा। शतरंज अंडर-14 बालक वर्ग में रौशन कुमार, नई किरण स्कूल, जहानाबाद एवं अंकीत कुमार, मानस वि. जहानाबाद विजेता रहा एवं निशांत कुमार, माउंट वैली स्कूल, काको एवं युवराज गौतम, म्यूर प. स्कूल, काको उपविजेता रहा।

**शतरंज** अंडर-14 बालिका वर्ग में अंजुषा कुमार, म.वि. बौरी, एवं पिटु वर्मा, मानस वि. वभना विजेता रही एवं आलिया प्रवीण, म्यूर पब्लिक स्कूल, काको, एवं अरोजा आजमी, म्यूर पब्लिक स्कूल, काको उपविजेता रही। अंडर-17 बालक वर्ग में किशन, डीएवी एवं रूद्र कुमार, डीएवी, विजेता रहे एवं अजीत कुमार, जहानाबाद प्रखंड एवं मो0 फैजान रीजवी, काको प्रखंड उप विजेता रहे। शतरंज अंडर-17 बालिका वर्ग में निदा शहाब, म्यूर पब्लिक स्कूल, काको विजेता रही।

**भारोत्तोलन** अंडर-19 बालक वर्ग 94 किग्रा कैटेगरी में रौशन प्रथम, 85 किग्रा कैटेगरी में अंकित प्रथम, 69 किग्रा कैटेगरी में अंशु कुमार प्रथम 50 किग्रा कैटेगरी में चंदन प्रथम, 56 किग्रा में दीपक प्रथम एवं अमित का द्वितीय स्थान रहा। अंडर-17 बालक वर्ग में 94 किग्रा कैटेगरी में अमन मेहता प्रथम एवं रौशन का द्वितीय स्थान रहा। 77 किग्रा कैटेगरी में यश प्रथम, रौशन कुमार, द्वितीय एवं सार्थक का तृतीय स्थान रहा 85 किग्रा कैटेगरी में हृतिक प्रथम। 62 के.जी. कैटेगरी में शशि रंजन प्रथम एवं पंचम का द्वितीय स्थान रहे। 69 के.जी. कैटेगरी में हर्शराज सिन्हा प्रथम, प्रशांत कुमार, द्वितीय एवं पवन रंजन कुमार का तृतीय स्थान रहा। 50 किग्रा कैटेगरी में नीरज प्रथम, लक्की, द्वितीय एवं अक्षाजयश का तृतीय स्थान रहा। 56 किग्रा कैटेगरी में अमृत कुमार प्रथम, रीशु कुमार, द्वितीय एवं प्रिंश कुमार का तीसरा स्थान रहा। अंडर-19 बालिका वर्ग में 48 किग्रा कैटेगरी में पूजा कुमारी प्रथम रही।

### कोईलवर थाना क्षेत्र के कमालुचक बालू घाट पर दो गुटों के बीच गोलीबारी में हुई थी दो लोगों की मौत

# शिकंजा: कोईलवर दोहरे हत्याकांड में वांटेड बालू माफिया रांची से गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के चर्चित कोईलवर बालू घाट दोहरे हत्याकांड में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने हत्याकांड में वांटेड कुख्यात बालू माफिया शशिकांत पांडेय को गिरफ्तार किया है। वह कोईलवर थाना क्षेत्र के पचरूखिया कला गांव का रहने वाला है। उसे झारखंड के रांची स्थित डोरंडा से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार शशिकांत पांडेय जेल में बंद कुख्यात माफिया सत्येंद्र पांडेय का खास शागिर्द बताया जा रहा है। उसके खिलाफ कोईलवर में पूर्व से भी करीब दर्जन भर मामले दर्ज हैं। एसपी प्रमोद कुमार द्वारा रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी।

उन्होंने बताया कि पिछले साल 20 जनवरी को कोईलवर थाना क्षेत्र के कमालुचक बालू घाट पर दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई थी। उसमें दो लोगों की मौत हो गयी थी। उसे लेकर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसमें पचरूखिया कला गांव निवासी कुख्यात सत्येंद्र पांडेय गिरोह के शशिकांत पांडेय का भी नाम आया था। उसके बाद से ही वह फरार चल रहा था। उसी समय से पुलिस उसके पीछे पड़ी थी। उस मामले में उसके खिलाफ कुर्की भी हो गयी थी। इस बीच शशिकांत के रांची के डोरंडा में होने की सूचना मिली। उस आधार पर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में टीम गठित कर डोरंडा में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। छापेमारी में कोईलवर थानाध्यक्ष और डीआईयू टीम के अफसर व जवान शामिल थे।




गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते एसपी प्रमोद कुमार।

### शशिकांत पर पहले से हत्या सहित 10 मामले दर्ज

कोईलवर के पचरूखिया कला गांव निवासी उमेश्वर पांडेय का पुत्र शशिकांत पांडेय कुख्यात बालू माफिया था। उसके खिलाफ पूर्व से भी हत्या, आर्म्स एक्ट और रंगदारी सहित दस मामले दर्ज हैं। वह कोईलवर थाने की पुलिस के लिए सिरदर्द बन गया था। उसकी गिनती जिले के टॉप अपराधियों में थी। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया उसके खिलाफ पहले से भी 10 संगीन मामले दर्ज हैं।

### फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी

एसपी ने बताया कोईलवर दोहरे हत्याकांड में दोनों पक्षों के अधिकतर आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। हालांकि अंकित पांडेय सहित कुछ आरोपित अभी फरार चल रहे हैं। उन सभी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बता दें कि 20 जनवरी 2022 को कोईलवर के कमालुचक घाट के समीप वर्चस्व को लेकर सत्येंद्र पांडेय और विदेशी राय गिरोह के बीच भरी दोपहर में जमकर गोलीबारी हुई थी। उसमें एक पक्ष के दो लोगों की गोली लगने से मौत हो गयी थी। उसमें आरा फाइनेंस कंपनी में काम करने वाले यूपी निवासी एक कर्मी भी शामिल था। नीलामी के बाद घाट की पूजा करने जाने के दौरान गोलीबारी हुई थी।

### दिल्ली स्पेशल टीम ने विस्फोटक और आर्म्स एक्ट के मामले में आरा के दो युवकों से की पूछताछ

**आरा।** दिल्ली के विस्फोटक अधिनियम आर्म्स एक्ट और यूएपीए संबंधित एक केस में पूछताछ करने दिल्ली स्पेशल सेल की पुलिस आरा रविवार को आरा पहुंची। उस दौरान दिल्ली पुलिस की टीम द्वारा नगर थाना क्षेत्र के रहने वाले दो लड़कों से घंटों पूछताछ की गयी। उसके बाद बांड पर पुलिस द्वारा दोनों को छोड़ दिया गया। दिल्ली पुलिस की ओर से संदेह के आधार पर दोनों से पूछताछ किये जाने की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार दिल्ली की स्पेशल सेल की पुलिस रविवार की सुबह करीब सात बजे आरा पहुंची। टीम में एक इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर रैंक के कुछ अफसर सहित कुछ जवान भी शामिल थे। उसके बाद नगर थाना पुलिस की मदद से पहले ही चिन्हित अबरपुर और दूध कटोरा मोहल्ले के रहने वाले दो युवकों को पकड़ कर थाने लाया गया। उसके बाद दोनों से पूछताछ की गयी। पुलिस के अनुसार दिल्ली के एक थाने में अंडर सेक्शन 25 आर्म्स एक्ट, 5 एक्पोलिसब एक्ट, 15/16/17/18/20 यूएपीए के तहत कांड संख्या 11/23 के तहत केस दर्ज है। उसी मामले में दिल्ली पुलिस पूछताछ करने आरा आयी थी।

## एक नजर

### तल्लु राय सच्चे समाजवादी, कर्मठ नेता थे: मंत्री



**जहानाबाद।** राजद के वरिष्ठ नेता सह समाजवादी नेता स्व. तल्लु राय की तीसरी पुण्यतिथि रविवार को मनाई गई। इस मौके पर पूर्व सांसद सह बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद यादव, स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव, मखदुमपुर विधायक सतीश दास, पूर्व विधायक डॉ. मुनीलाल यादव, पूर्व विधायक डॉ. सच्चितानंद यादव, जिप अध्यक्ष रानी कुमारी, जिप सदस्य मिन्तु देवी, तल्लु राय जी के पुत्र साधु यादव सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि व्यक्त किया। इस मौके पर मंत्री डॉ सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि तल्लु बाबू राजद के सच्चे सिपाही के साथ-साथ एक सच्चे समाजवादी, कर्मठ एवं गरीबों के हितैषी थे। वे हमेशा गरीबों के बारे में सोंचते रहते थे। उनके दरवाजे पर जो भी जरूरतमंद लोग जाते थे खाली हाथ नहीं लौटते थे। विधायक सुदय यादव ने कहा कि तल्लु राय का राजनीतिक जीवन हमेशा लोगों की सेवा में गुजरा। वह हमेशा गरीब व शोषितों की लड़ाई के लिए संघर्षरत रहे। उनके सिद्धांतों को अपनाकर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर राजद जिलाध्यक्ष महेश ठाकुर, जिप सदस्य सोनू यादव, सुधीर चौधरी, ज्ञान्ती देवी, जदयू के प्रदेश सचिव जेपी चन्द्रवंशी, डॉ शशिरंजन उर्फ पप्पु यादव, रमेश यादव, सुदामा मंडल, धर्मपाल यादव, पप्पू मल्लिक, परमहंस राय आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा राजद नेता मंजू यादव ने की।

### सीपीआईएम का विशाल प्रदर्शन 27 फरवरी को

**जहानाबाद।** सीपीआईएम जिला कार्यालय में रविवार को सीपीआईएम जिला कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता राम प्रसाद पासवान ने की। इस दौरान उन्होंने महंगाई बेरोजगारी की मार से आम जनता त्राहिमाम है। सरकार निजी करण माध्यम से देश के सर्वजनिक संपत्तियों को आडानी, अंबानी जैसे पूंजीपतियों के हाथ बेच रही है। सरकार ने सभी चीजों पर जीएसटी लगाकर महंगाई बढ़ाकर खास गरीब, मजदूर, किसान व नौजवानों का जीना दुश्वार कर दिया है। इनके विरोध में 27 फरवरी को श्रम कार्यालय पर विशाल प्रदर्शन होगा। सीपीआईएम का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर 19 फरवरी को अयोजित किया जाएगा। 25 फरवरी को दलित शोषण मुक्ति मंच का जिला सम्मेलन जहानाबाद में होगा। 9 फरवरी को किसान सभा का जिला प्रदर्शन जिला मुख्यालय होगा। 31मार्च तक सीपीआईएम का नवीकरण होगा। मौके पर राज्य कमेटी सदस्य राम प्रसाद पासवान, सीपीआईएम जिला कार्यकारी जिला सचिव सदस्य दिनेश प्रसाद, सीपीआईएम जिला कमेटी सदस्य सुरेंद्र मिस्त्री, शत्रुघ्न प्रसाद, सूर्यकांत सिंह, ओम प्रकाश सिंह, बैजनाथ साव, नरेश कुमार, दिनेश कुमार अधिवक्ता, रामानंद सागर अधिवक्ता आदि मौजूद थे




## सजायाफ्ता कैदी कुख्यात नईम मियां पर रंगदारी का केस दर्ज

**केटी न्यूज/आरा**

सदर अस्पताल की कैदी वार्ड में इलाजरत कोर्ट बम कांड के सजायाफ्ता कैदी कुख्यात नइम मियां पर पुलिस का शिकंजा कसना शुरू हो गया है। पैसे बरामदगी के मामले में उसके खिलाफ रंगदारी की प्राथमिकी दर्ज की गयी है। नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार की तहरीर पर दर्ज प्राथमिकी में धरहरा निवासी नइम मियां पर शहर के व्यसायियों से रंगदारी की उगाही करने का आरोप लगाया गया है। कहा गया है कि नइम मियां द्वारा अपने पुत्र मुन्ना मियां और अन्य सहयोगियों के माध्यम से शहर के व्यवसायियों को भय में डालकर रंगदारी की मांग की जा रही है। उसके पास से बरामद 70 हजार रुपए भी रंगदारी की उगाही के होने की बात कही जा रही है। प्राथमिकी के अनुसार विचाराधीन कैदी के पास इतनी बड़ी रकम रखना संज्ञेय अपराध है। ऐसे में उसके खिलाफ रंगदारी के साथ प्रिजनर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। इधर, प्राथमिकी दर्ज करने के बाद पुलिस उसके खिलाफ आगे की कार्रवाई में जुटी है।

## आरा में इलाज के दौरान युवती की मौत, अस्पताल में हंगामा

**केटी न्यूज/आरा**

- निजी अस्पताल के डाक्टरों पर गलत इलाज का आरोप लगा परिजनों ने काटा बवाल
- मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को कराया शांत

जिला मुख्यालय स्थित नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग स्थित एक निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान एक युवती की मौत हो गयी। शनिवार की दोपहर से भर्ती युवती की स्थिति काफी बिगड़ जाने पर क्लीनिक के स्टाफ द्वारा रविवार को सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। उसके बाद युवती के परिजनों ने सदर अस्पताल में जमकर हंगामा मचाया। उस दौरान निजी क्लीनिक के एक कर्मी को बंधक भी बना लिया गया। परिजनों की ओर से निजी क्लीनिक के डाक्टरों पर गलत इलाज करने का आरोप लगाया जा रहा था। हंगामे को लेकर अस्पताल में देर तक अफरा-तफरी मची रही। सूचना मिलने पर नगर थाने की पुलिस पहुंची और मामले को शांत कराया गया। मृत युवती गजराजगंज गांव निवासी कृष्णा प्रसाद उर्फ बड़क प्रसाद की 25 वर्षीया पुत्री सुधा कुमारी थी। उसे कमजोरी की शिकायत पर शनिवार की दोपहर निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया था।



**पूरी रात खून और पानी चढ़ाते रहे चिकित्सक :** गजराजगंज निवासी कृष्णा प्रसाद उर्फ बड़क प्रसाद ने बताया कि उनकी बेटी सुधा की तबीयत खराब थी। उसे काफी कमजोरी हो रही थी। उसे इलाज के लिए मौलाबाग स्थित निजी अस्पताल लाया गया था। वहां उसे अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा था। शनिवार की दोपहर से पूरी रात डाक्टर द्वारा उसे स्लाइन चढ़ाया जाता रहा। रविवार की सुबह उसे खून भी चढ़ाया गया। इसी बीच उनकी बेटी की तबीयत काफी बिगड़ गई। उसके बाद उस निजी क्लीनिक के कर्मचारी द्वारा उसे सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवती के पिता कृष्णा प्रसाद उर्फ बड़क प्रसाद ने निजी क्लीनिक के डाक्टर और कर्मचारियों पर इलाज में लापरवाही बरतने से बेटी की मौत होने की बात कही है। बताया जाता है कि मृत सुधा कुमारी अपने एक भाई और एक बहन में छोटी थी।

### यूनिसेफ सलाहकार ने डीएम से की मुलाकात, वंडर एप और श्रवणश्रुति कार्यक्रमों की ली जानकारी

# वंडर एप व श्रवण श्रुति से लोगों को मिल रहा लाभ: महाजन

**केटी न्यूज/गया**

जिला में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए बदलाव तथा सेवाओं से जुड़ी जरूरतों को जानने-समझने के लिए स्वास्थ विभाग तथा उसके सहयोगी संस्थाओं के राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से जिला के अस्पतालों भ्रमण किया जा रहा है। इस क्रम में शनिवार को बिहार सरकार के पूर्व प्रधान सचिव रहे तथा वर्तमान में यूनिसेफ सलाहकार आरके महाजन ने जिला के प्रभावती तथा जयप्रकाश अस्पताल का निरीक्षण किया। अपने भ्रमण के दौरान उन्होंने जिलाधिकारी डॉ एसएम त्यागराजन से मुलाकात कर जिला में स्वास्थ्य के क्षेत्र में आश्यक जरूरतों पर बातचीत की। साथ ही वंडर एप तथा श्रवण श्रुति कार्यक्रम के बारे में जिलाधिकारी से विस्तृत चर्चा की। वंडर एप और श्रवण श्रुति जैसे कार्यक्रमों की मदद से लोगों को मिल रहे लाभ को जाना। कहा कि जिलाधिकारी के नेतृत्व में इन नये कार्यक्रमों का लाभ बहुत लोगों का मिल रहा है, यह सराहनीय है। अपने भ्रमण के क्रम में यूनिसेफ सलाहकार ने जयप्रकाश नारायण अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिंह, डीपीएम नीलेश कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार, डीवीबीडीसीओ डॉ एमई हक, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी जयशन कुमार, अस्पताल प्रबंधक संजय अंबष्टा, आरबीएसके कार्यक्रम के जिला समन्वयक डॉ उदय मिश्रा, यूनिसेफ से संजय सिंह व अन्य स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।



### जेपीएन और यूनिसेफ का किया निरीक्षण

यूनिसेफ सलाहकार ने जयप्रकाश नारायण अस्पताल परिसर में बने नये ब्लड बैंक को देखा। वहां मौजूद आवश्यक उपकरणों के बारे में जाना। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, वैक्सीन स्टोर, लक्ष्य कार्यक्रम के तहत तैयार डिलीवरी रूम का भ्रमण किया। उन्होंने मौजूद स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि किसी प्रकार के उपकरणों या सेवाओं की जरूरत पड़ने पर उन्हें इसकी जानकारी दी जाये। इसकी व्यवस्था यूनिसेफ के सहयोग से की जायेगी। यूनिसेफ सलाहकार ने प्रभावती अस्पताल के डिस्ट्रिक्ट अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, एसएनसीयू तथा डिलीवरी रूम आदि का भ्रमण किया उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसकी मदद से गरीब परिजनों के चेहरे पर मुस्कान आ रही है।




## खबरें फटाफट

### रेलवे ट्रैक मैन की तत्परता से टला बड़ा ट्रेन हादसा

कृष्णाब्रह्म। दानापुर रेलमंडल के अंतर्गत टुडीगंज स्टेशन से पश्चिम रेलवे क्रासिंग के समीप अप लाइन में रेल पटरी टूट गई। रेलवे ट्रैक मैन की तत्परता से इस बात की जानकारी टुडीगंज स्टेशन मास्टर को दी। जिसके बाद स्टेशन मास्टर ने इस बात की जानकारी दानापुर रेल कंट्रोल को दी। वही विभूति एक्सप्रेस कुछ समय में अप लाइन से टुडीगंज स्टेशन से गुजरने वाले थी। तब तक रेड सिग्नल देकर विभूति एक्सप्रेस को लगभग 20 मिनट तक खड़ी की गई। रविवार की सुबह विभूति एक्सप्रेस रघुनाथपुर स्टेशन से आगे के लिए रवाना हो चुकी थी। तब तक ट्रैक मैन ने देखा कि टुडीगंज स्टेशन के पश्चिम रेलवे क्रासिंग के समीप पोल संख्या 637 के समीप रेल पटरी टूटी हुई है इस बात की जानकारी रेल कर्मी ने टुडीगंज स्टेशन मास्टर को दी। जिसके बाद इस बात की जानकारी तत्काल दानापुर रेल कंट्रोल को दी गई। जिसके बाद आनन फानन में रेड सिग्नल देकर विभूति एक्सप्रेस को लगभग 20 मिनट तक रोका गया। जिसके बाद रेलवे के मैकेनिक द्वारा रेल पटरी को दुरुस्त किया गया। उसके बाद हरा सिंगल दी गई।

### फर्नीचर मिस्त्री की हत्याकांड का एक आरोपी गिरफ्तार

**नावानगर।** फर्नीचर मिस्त्री की हत्या मामले में सोनवर्षा से एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी सोनवर्षा निवासी मुन्ना शर्मा है। इसकी पुष्टि करते हुए सोनवर्षा ओपी प्रभारी ज्ञान प्रकाश सिंह ने बताया कि करीब 4 माह पूर्व महादेवगंज के फर्नीचर दुकानदार इंद्रदेव शर्मा ने अपने मिस्त्री जगदीशपुर निवासी ललन शर्मा की पीटकर हत्या कर दी थी। मृतक की पत्नी ने इस मामले में दुकानदार समेत अज्ञात पर एफआईआर दर्ज कराया था। घटना की जांच एवं सीसीटीवी फुटेज में इन्द्रदेव शर्मा के साथ में गिरफ्तार आरोपी भी पाया गया।

# मुखिया ने पेश की नजीर: पंचायत भवन और कचरा प्रबंधन के लिए दान की एक बीघा जमीन



**केटी न्यूज/डुमरांव**

- दिवंगत पिता के सपने को साकार करने के लिए उठाया कदम,
- चक्की अंचल के चंदा पंचायत के मुखिया हैं अजय गिरि
- चालीस लाख रूपए से अधिक की है दान की गई जमीन

महज कुछ धूर जमीन के लिए लोग जहां अपनों का खून करने से नहीं हिचक रहे। थाना तथा न्यायालयों में सबसे अधिक मामले भूमि विवाद के ही आ रहे हैं। ऐसे समय में जब एक-एक इंच जमीन खून से कीमती हो गई है, वैसे में एक मुखिया ने अपने पंचायत के विकास के लिए 40 लाख रुपए से अधिक मूल्य की करीब एक बीघा जमीन दान कर पंचायतवासियों के निर्णय को सही साबित कर दिया है। हम बात कर रहे हैं अनुमंडल के चक्की अंचल के चंदा पंचायत के मुखिया अजय गिरि की। जिन्होंने अपने दिवंगत पिता स्व सुग्रीव गिरी के पंचायत को विकसित बनाने के सपने को पूरा करने के लिए अपनी कीमती जमीन को दान किया है।

मुखिया की इस पहल की सराहना प्रशासनिक महकमों के साथ ही पंचायतवासी मुक्तकंठ कर रहे हैं। सबसे अधिक खुशी पंचायत के लोगों को है। उन्हें लग रहा है कि उन्होंने मुखिया के लिए सही व्यक्ति का चुनाव किया है। मुखिया के इस पहल के बाद मानों ग्रामीणों को उनके वोट की कीमत मिल गई है। बता दें कि मुखिया द्वारा पंचायत सरकार भवन के लिए करीब 18 कट्ठा तथा वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के लिए डेढ़ कट्ठा जमीन दान की है। यह जमीन उनके गांव चंदा के दक्षिण स्थित है। जमीन दान करने के बाद चक्की सीओ कौशल कुमार ने इसका मुआयना कर पंचायत सरकार भवन और वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट बनाने की हरी झंडी दे दी है। अब मामला अनुमंडल प्रशासन के पास पहुंचा है। कागजी प्रक्रिया व एनओसी पूरा होने के बाद जल्दी ही यहां पंचायत सरकार भवन तथा कचरा प्रबंधन यूनिट का निर्माण कार्य शुरू होगा।

### पंचायत भवन के बिना बाधित हो रहा था विकास कार्य

मुखिया बनने के बाद अजय गिरि को उनके पंचायत में एक अदद पंचायत सरकार भवन की कमी खल रही थी। एक भी ऐसा सार्वजनिक जगह नहीं था जहां पंचायत की पूरी यूनिट बैठ विकास कार्यो पर चर्चा कर सके। वहीं वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के अभाव में इस पंचायत में कचरा प्रबंधन का काम भी नहीं हो पा रहा था। जब इन्होंने अपने पंचायत में पंचायत सरकार भवन व वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट बनवाने की मांग बीडीओ से की तो वे तैयार हो गए। लेकिन इस पंचायत में उतनी सरकारी जमीन नहीं थी जिस पर पंचायत सरकार भवन तथा कचरा प्रबंधन के लिए पिट बनवाया जा सके। तब मुखिया ने अपनी जमीन दान करने की पेशकश की।

### क्या कहते हैं सीओ

इस संबंध में चक्की सीओ कौशल कुमार ने कहा कि मुखिया द्वारा दान की गई जमीन का निरीक्षण कर उसका रिपोर्ट अनुमंडल कार्यालय भेजा गया है। वहां से स्वीकृति के बाद निर्माण के लिए टेंडर निकाला जाएगा।

**52 डिसमिल जमीन में बनेगा पंचायत सरकार भवन:** पंचायत सरकार भवन के लिए 52 डिसमिल जमीन की जरूरत होती है। जिसमें प्रशासनिक भवन के साथ ही ग्राम पंचायत, ग्राम कचहरी तथा पंचायत के सभी विभागों के लिए कार्यालय सहित कई अन्य सुविधाएं तैयार की जाएगी।

**बक्सर के शांति नगर मुहल्ले में मध्य रात्रि की घटना, नजदीक से सीने में मारी गई है गोली, लोगों में दहशत**

# प्रतिमा विसर्जन के बाद पंडाल में सो रहे पूजा समिति के सदस्य की गोली मारकर हत्या, दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/बक्सर**

शनिवार की रात बक्सर का शांति नगर मुहल्ला अशांत हो गया। सरस्वती प्रतिमा के विसर्जन के बाद पंडाल में सो रहे पूजा समिति के एक सदस्य की अपराधियों ने गोली मार हत्या कर दी। घटना मध्य रात्रि की है। हत्यारों ने काफी नजदीक से उसके सीने में गोली मारी थी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई थी। इसकी जानकारी मिलते ही पूजा उसके साथ सो रहे अन्य सदस्य उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जें में मामले की जांच में जुट गई है। इस दौरान पुलिस ने देर तक मृतक के परिजनों से बयान लिया। मृतक राकेश कुमार पासवान उम्र 21 वर्ष इसी मुहल्ले के अक्षय पासवान का पुत्र था। बताया जाता है कि वह अपने साथियों के साथ मुहल्ले में ही सरस्वती पूजा किया था। प्रतिमा विसर्जन के बाद शनिवार की रात वह अपने कुछ साथियों के साथ पंडाल में ही सो गया था। मध्य रात्रि ब्लैक रंग के अपाची बाइक से आए दो की संख्या में अपराधियों ने उसे गोली मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। टाउन थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि राकेश की गोली मार हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल वे घटना स्थल पर पहुंच जांच शुरू कर दिए है। उन्होंने कहा कि हत्यारों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक के पिता अक्षय पासवान ने मुहल्ले के ही दो युवकों छद्दू चौहान और गोपी चौहान पर नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस को दिए आवेदन में पिता ने बताया कि दोनों से उसके पुत्र का पुरानी अदावत चल रही थी। इसी अदावत में इस घटना को अंजाम दिया गया है।



- मृतक के पिता अक्षय पासवान ने मुहल्ले के ही दो युवक छद्दू चौहान और गोपी चौहान पर दर्ज कराया है एफआईआर
- पुरानी अदावत को लेकर गोली मारे जाने का लगाया आरोप





**भूंजा बेच परिवार के संचालन में करता था सहयोग:** मृतक के परिजनों की मानें तो वह भूजां बेच परिवार के संचालन में आर्थिक सहयोग करता था। उसके निधन से परिवार को बहुत बड़ा आघात पहुंचा है। मृतक के पिता की मानें तो परिवार चलाने में उसकी भूमिका महत्वपूर्ण थी। कमाउ पूत की मौत के बाद हर कोई गहरे सदमें में था। वही इस घटना के बाद पूजा समिति के सदस्यों में भी आक्रोश व्याप्त था।

**वर्चस्व की जंग में गई राकेश की जान:** सूत्रों की मानें तो मृतक राकेश तथा छद्दू और गोपी चौहान के बीच लंबे समय से वर्चस्व की जंग चल रही थी। कई बार दोनों गुटों के बीच मारपीट भी हुई थी। जानकारों का कहना है कि एक बार मारपीट का एफआईआर भी दर्ज हुआ था। लेकिन बाद में दोनों पक्षों ने सुलह कर लिया था। इसी अदावत में दोनों ने उसे मौत के घाट उतारा है।

**चेहरा पहचान मारी गई है गोली**

सूत्रों की मानें तो घटना को अंजाम देने के दौरान काले रंग के एक अपाची बाइक पर दोनों आए थे तथा पंडाल में पहुंच चेहरे से कंबल हटा पहले राकेश की पहचान किए फिर सोए अवस्था में ही सीने में सटा कर गोली मार दी। इस संबंध में टाउन थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि राकेश की गोली मार हत्या की गई है। मृतक के पिता ने छठू चौहान और गोपी चौहान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### पूर्व के विवाद में बदमाशों ने अधेड़ को मारी गोली, गंभीर

**आरा/बक्सर।** बक्सर जिले के नावानगर थाना क्षेत्र के वैना गांव में रविवार की देर शाम पूर्व के विवाद में एक अधेड़ को गोली मार दी गयी। गोली उनके प्राइवेट पार्ट्स में लगी है, जो आरपार हो गई है। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गये हैं। जख्मी वैना गांव निवासी स्व. रामचंद्र गोस्वामी के पुत्र शशिकांत गोस्वामी हैं। उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। गोली मारने का आरोप चचेरे भाई के दोस्त पर लगाया जा रहा है।

दरवाजे पर चढ़ कर गोली मारे जाने की बात कही जा रही है। तीन-चार राउंड हवाई फायरिंग करने का भी आरोप लगाया गया है। जख्मी शशिकांत गोस्वामी ने बताया कि रविवार को वह अपनी बेटी खुशबू कुमारी को परीक्षा दिलाने आरा के बाइपास रोड स्थित कॉलेज आये थे। शाम को वह घर लौटे। उसके बाद वह घर में पानी पी रहे थे। उसी दौरान उनके चचेरे भाई अनिल कुमार गोस्वामी के दोस्त राजेश कुमार गोस्वामी अपने दो अन्य लोगों के साथ उनके दरवाजे पर आये। आने के साथ ही और ताबड़तोड़ चार राउंड फायरिंग कर दी। गोली की आवाज सुन कर वह बाहर निकले और बोला कि यह सब क्या हो रहा है। तब उनलोगों द्वारा पर फायरिंग कर दी गयी। उन पर दो गोलियां दागी गयी। उसमें एक गोली उन्हें लग गई। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

## स्कूल के पास ही बना कूड़ा डंपिंग जोन, डीडीसी का निर्देश बेअसर

**केटी न्यूज/बक्सर**

शहर के किला मैदान के सटे जवाहर मध्य विद्यालय के पास नप द्वारा कूड़ा डम्पिंग जोन बना देने से प्रदूषित माहौल में बच्चे पढ़ने को मजबूर हैं। गौरतलब हो कि किला मैदान में सुबह शाम नगर के लोग सेहत के लिहाज से टहलने और व्यायाम करने के लिए भी आते हैं। मैदान से सटे कूड़े का अंबार और उससे उठता बदबू छात्रों के साथ ही आम लोगों के लिए भी परेशानी का सबब बन गया है। सबसे बुरा हाल तो समीप ही सटे जवाहर मध्य विद्यालय का है। जहां प्रदूषित माहौल में अध्यापक पढ़ाने और बच्चें पढ़ने को मजबूर हैं। पास पड़ोस के लोगों की मानें तो इसकी शिकायत नप के अधिकारियों से किये जाने के बावजूद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। वहीं विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि नप से विद्यालय के पास कूड़ा नहीं फेकने की गुहार लगाई गई थी। फिर भी नप के कर्मचारियों का ध्यान इस समस्या की ओर नहीं जा रहा है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही डीडीसी डा महेन्द्र पाल ने इस जगह का निरीक्षण कर यहां कूड़ा नहीं फेकने का निर्देश दिया था। उन्होंने नप के ईओ को फटकार भी लगाई थी। बावजूद नप अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहा है।

## छह मौतों के बाद भी अमसारी में नहीं थमा शराब का कारोबार

- तीन लिटर महुआ शराब के साथ पकड़े गए मौत बांटने वाले दो सौदागर
- गिरफ्तारी के दौरान शराब के नशे में थे दोनों आरोपी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मुरार थाना क्षेत्र के अमसारी गांव में पिछले साल 26 जनवरी को जहरीली शराब गटकने से आधा दर्जन लोग काल के गाल में समा गए थे। बावजूद इस गांव का शराब से नाता नहीं टूटा है। इस घटना के ठीक एक साल बाद रविवार को शराब के रूप में मौत बांटने वाले दो सौदागर पुलिस के हत्थे चढ़े है। उनके पास से तीन लिटर देसी शराब बरामद हुआ है। पुलिस ने जिस वक्त उन्हें गिरफ्तार किया उस वक्त वे खुद शराब के नशे में ओवरलोड हो झूम रहे थे। जिसे देख पुलिस भी हैरान हो गई। गिरफ्तार आरोपियों में अमसारी महादलित बस्ती के हरेन्द्र मुसहर और सरयू मुसहर शामिल है। खास यह कि पिछले साल जहरीली शराब से मरने वालों में इनके बस्ती के लोग भी शामिल थे। बावजूद इन्हें इस घटना से सीख नहीं मिली है। खुद भी शराब पीने के साथ ही चंद रूपयों के लिए लोगों को भी मुहैया करा रहे है। जिससे किसी दिन पिछले साल की घटना की पुनरावृति से इंकार नहीं किया जा सकता है। वैसे सूत्रों की मानें तो उस विभत्स घटना के बाद भी इस गांव में शराब का कारोबार जारी है। ऐसी स्थिति में स्थानीय पुलिस की भूमिका भी संदेहास्पद बन गई है। आखिर छह मौतों के बाद न तो ग्रामीणों को सुधि आ रही है और न ही पुलिस ही सख्ती दिखा रही है। जिससे कई सवाल खड़े हो रहे है। एक तरफ जहरीली शराब से मरने वालों के परिजनों के आंसू एक साल बाद भी नहीं थमा है।



## एक नजर

### शहादत दिवस पर भूख हड़ताल करेंगे पूर्व पार्षद

**डुमरांव।** डुमरांव नगर परिषद के पूर्व पार्षद धीरज कुमार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस 30 जनवरी को 24 घंटे का भूख हड़ताल करेंगे। यह भूख हड़ताल नगर परिषद प्रशासन द्वारा जनहित के मुद्दों की उपेक्षा, सेंट्रल नाला के मिस मैनेजमेंट, विकास कार्यों में भेदभाव, पीएम शहरी आवास योजना के भुगतान में मनमानी, लोक शिकायत में गलत जबाव के बावजूद मामलों का एक पक्षीय निष्पादन समेत कुल 11 सूत्री मांगों के समर्थन में किया जा रहा है। इसके लिए पूर्व पार्षद ने जनता के नाम खुला पत्र जारी कर भूख हड़ताल पर बैठने के कारणों का गिनाया है। उनके भूख हड़ताल करने से एक बार फिर से नगर परिषद की सियासत गरमा गई है।

### बिजली चोरी करने पर नौ के खिलाफ एफआईआर

**नावानगर।** वासुदेवा फीडर अंतर्गत तीन गांव में बिजली चोरी के खिलाफ जेई विपिन किशोर ने अभियान चलाया। जिसमें 9 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा है। रविवार को जेई ने सभी पर जुमार्ना लगाते हुए वासुदेवा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया है। जेई विपिन किशोर ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि आथर, आथर बिंद डेरा एवं मुकुंदडेरा में बिजली चोरी हो रही है। जांच में मीटर बाईपास एवं टोका फंसाकर चोरी से बिजली जलाते हुए जेई ने 9 लोगों को पकड़ लिया। जेई ने बताया कि बिजली चोरी में आथर बिंद डेरा से ललीता देवी पति मोहन बिंद पर 7484 रुपए, बिहारी बिंद पर 5880 रुपए, पियर बिंद पर 8410 रुपए, आथर गांव से जवाहर सिंह पर 12644 रुपए, विमलेश सिंह 12806 रुपए, श्रीभगवान सिंह, 16240 रुपए, तथा मुकुनडेरा के सुभाष सिंह पर 12806 रुपए राजेंद्र सिंह पर 12806 रुपए एवं उमेश सिंह पर 8806 रुपए की जुमार्ना लगाते हुए वासुदेवा ओपी में एफआईआर दर्ज कराया गया है।

### उदघाटन मुकाबले में बिहार की टीम विजयी

डुमरांव। पुराना भोजपुर के खेल मैदान में आठ दिवसीय अंतरराज्यीय फुटबॉल टूनामेंट का आगाज हुआ। जिसमें बिहार इलेवन स्टार कैमूर की टीम नेयूपी के गाजीपुर की टीम को 3-2 के अंतर से पराजित किया। खेल के शुरूआती दौर में ही कैमूर की टीम का दबदबा बना रहा और अंत में रोमांचक जीत हासिल की। हालांकि बीच बीच में गाजीपुर की टीम ने भी बेहतर मूव के जरिए जीत हासिल करने की कोशिश की। लेकिन निर्धारित समय तक स्कोर 3-2 रहा। कस्तूरबा स्मारक शील्ड फुटबॉल प्रतियोगिता द्वारा आयोजित टूनामेंट का उद्घाटन बतौर अतिथि अंशुमान सिंह, कुंजबिहारी चौरसिया, नंदजी सिंह, विनोद वर्मा, संजय तिवारी, भरत चौधरी आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फुटबॉल को किक मारकर इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके बाद गाजीपुर और कैमूर की टीमों के बीच टूनामेंट खेला गया। मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाके सहित स्थानीय लोग पहुंचे थे। टूनामेंट में कमेंट्री प्रतियोगिता के सचिव सह समाजसेवी इस्लाम अंसारी ने की। कैमूर टीम के खिलाड़ियों ने अपने स्कोर को बढ़ाने के लिए पूरा दमखम लगा दिया। हालांकि गाजीपुर की टीम ने शानदार मौका बनाया लेकिन विपक्षी टीम ने इसे विफल कर दिया. सोमवार को पुराना भोजपुर और प्रयागराज के बीच मैच खेला जायेगा।

**वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के वीसी ने नकलमुक्त परीक्षा कराने तथा परीक्षा केन्द्रों पर स्वच्छता बरतने की दी नसीहत**

# स्नातक तृतीय खंड परीक्षा का वीसी व रजिस्ट्रार ने लिया जायजा

- बक्सर व डुमरांव के दो-दो परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचे थे वीसी
- निरीक्षण के दौरान किसी परीक्षा केन्द्र पर नकल होने का प्रमाण नहीं मिल पाया

**केटी न्यूज/बक्सर**

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा द्वारा आयोजित कराए गए स्नातक तृतीय खंड परीक्षा का निरीक्षण रविवार को वीसी शैलेन्द्र चतुर्वेदी व रजिस्ट्रार डॉ धीरेन्द्र कुमार सिंह ने किया। वीसी और रजिस्टार ने बक्सर व डुमरांव के दो-दो परीक्षा केन्द्रों का जायजा लिया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों अधिकारी सबसे पहले डुमरांव डीके कॉलेज परीक्षा केन्द्र पर पहुंचे। यहां कालेज प्राचार्य प्रो डा अरबिंद सिंह के साथ पूरे परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होंने नकलमुक्त परीक्षा कराने तथा परीक्षा केन्द्रों के अंदर और बाहर स्वच्छता बरतने की नसीहत दी। वीसी ने परीक्षा को कदाचारमुक्त संपन्न कराने संबंधित कई आवश्यक निर्देश भी वीसी ने दिए है। इसके बाद वीसी और रजिस्टार सुमित्रा महिला कॉलेज पहुंच परीक्षा संचालन की जानकारी लिए। इस दौरान उन्होंने कॉलेज की प्राचार्य डा शोभा सिंह से भी परीक्षा को कदाचारमुक्त करने तथा साफ सफाई रखने को कहा। दोनों अधिकारी पहली पाली की परीक्षा के दौरान आए थे।



बता दें कि पहली पाली में ग्रुप-सी के विषयों के प्रतिष्ठा पंचम पत्र की परीक्षा हो रही थी। इसके बाद वीसी और रजिस्टार बक्सर के एमवी कॉलेज व एलबीटी कॉलेज परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण भी किया है। हालांकि निरीक्षण के दौरान किसी परीक्षा केन्द्र पर नकल होने का प्रमाण उन्हें नहीं मिल पाया है। चारों केन्द्रों पर परीक्षा के कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण संचालन से वीसी व रजिस्टार संतुष्ट दिखे। परीक्षा केन्द्रों पर वीसी तथा रजिस्टार के आने से परीक्षार्थियों के साथ ही वीक्षकों में भी अफरा तफरी मच गई थी।

पिछले कुछ वर्षों में शायद ही किसी परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करने वीसी आए हो। लेकिन इस बार विश्वविद्यालय के नए वीसी खुद परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर इस बात की तस्दीक कर रहे है कि कही परीक्षार्थी नकल के सहारे तो परीक्षा की बैतरणी नहीं पार कर रहे है। हालांकि जिले के चार परीक्षा केन्द्रों का जायजा लेने के बाद वीसी ने परीक्षा के संचालन पर संतोष जताया तथा सभी केन्द्राधीक्षकों को आगे भी इसी तरह से परीक्षा का संचालन करने को कहा। गौरतलब है कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक तृतीय खंड की परीक्षा ली जा रही है।

## छोटी खबरें

### पेट्रोल पंप से उड़ाया 75 हजार

**बलिया।** शहर कोतवाली क्षेत्र के चितू पांडेय चौराहा स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप के ऑफिस की खिड़की तोड़कर चोरों ने 75 हजार रूपए नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। जिसके अनुसार पुलिस में छानबीन जुट गई है। रोज की भांति पेट्रोल पंप के कर्मचारी रात दस बजे पेट्रोल पंप बंद करके घर चले गए। इसबीच रविवार की भोर में चोर खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए, इसके बाद आलमारी तोड़कर उसमें रखा 75 हजार नकदी पर हाथ साफ कर दिया। रविवार की सुबह छह बजे जब कर्मचारी काम पर वापस आए तो जंगले को टूटा हुआ देख दंग रह गए। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना मालिक और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर छानबीन में जुट गई है।

### सपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी से जुड़े राजेश कुशवाहा

**गाजीपुर।** समाजवादी पार्टी के युवा नेता राजेश कुशवाहा को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य बनाया है। जिससे जिले के समाजवादियों में हर्ष व्याप्त है। राजेश कुशवाहा सपा के ईमानदार, सज्जन व कर्मठ नेता हैं। इसलिए उन्हे सबसे पहले समाजवादी छात्र सभा का प्रदेश सचिव बनाया गया। इसके बाद अधिवक्ता सभा का जिला सचिव बने, जिला कार्यकारिणी में उन्हे महामंत्री बनाया गया। अच्छे कार्यो को देखते हुए हाईकमान ने उन्हे जिलाध्यक्ष बनाया। इसके बाद प्रदेश सचिव बनाये गये। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य बनाये जाने पर राजेश कुशवाहा ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का आभार प्रकट किया है। राजेश कुशवाहा को राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाये जाने पर विधायक जैकिशन साहू, विधायक मन्नू अंसारी, विधायक डा. वीरेंद्र यादव, निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामधारी यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष सुदर्शन यादव, नन्हकू यादव, मुन्नन यादव आदि ने बधाई दी है।

# तेज गाना बजाया तो खैर नहीं, होगी कार्रवाई

**केटी न्यूज/बलिया**

परीक्षार्थियों के पड़ोस में कोई तेज आवाज में डीजे या गाने बजा रहा है तो छात्र डायल 112 पर शिकायत कर सकते हैं। कॉल करते ही पुलिस मौके पहुंचेगी। डीजे बंद न करने पर संबंधित पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। डीजीपी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान ने दिशा-निर्देश जारी कर तेज ध्वनि में संगीत बजाने से मना किया है।

एएसपी डीपी तिवारी ने बताया कि परीक्षार्थी के पड़ोस में तेज आवाज में डीजे या अन्य किसी भी प्रकार का साउंड सिस्टम बजता है तो बच्चे डायल 112 पर शिकायत करें। शिकायत के कुछ देर बाद

- तेज आवाज में डीजे या गाने बजने पर छात्र डायल 112 पर शिकायत कर सकते हैं
- उल्लंघन करने पर 5 वर्ष कैद व एक लाख रुपये जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है

डायल 112 मौके पर पहुंच कर वीडियोग्राफी करेगी और उसके बाद डीजे और साउंड सिस्टम को बंद कराएगी। एएसपी ने बताया कि तेज आवाज में गाने बजाने वाले के खिलाफ पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 व ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण नियम 2000



पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी।

के उल्लंघन के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत पांच वर्ष कैद व एक लाख रुपये जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है।

### हर व्यक्ति छात्रों के प्रति जिम्मेदारी समझें

अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि बोर्ड परीक्षा का महीना विद्यार्थियों के लिए काफी अहम होता है। इस दौरान उन्हें कड़ी मेहनत करके परीक्षा देनी होती है। इसलिए देर रात से लेकर सुबह जल्दी उठकर पढ़ाई करते हैं। ऐसे में सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि तेज आवाज में म्यूजिक या शोर-शराबा करके परेशानी का कारण न बनें। यह समझना होगा कि आपकी वजह से किसी दूसरे को नुकसानन हो। कहीं भी नियमों का उल्लंघन होगा तो कार्रवाई होगी।

# जौनपुर-औड़िहार स्पेशल ट्रेन 3 तक निरस्त

**केटी न्यूज/बलिया**

मुक्तिगंज-जौनपुर स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य और मुख्य संरक्षा आयुक्त के निरीक्षण के चलते कुछ ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। जबकि औड़िहार-जौनपुर स्पेशल ट्रेन को 31 जनवरी से तीन फरवरी तक निरस्त कर दिया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के पीआरओ अशोक कुमार ने बताया कि गोंदिया से 31 जनवरी और एक फरवरी को खुलने वाली गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस कैंट, वाराणसी सिटी-औड़िहार, छपरा के रास्ते चलाई जाएगी।

एक फरवरी को खुलने वाली



आनंद विहार टर्मिनस-बलिया स्पेशल ट्रेन बदले हुए मार्ग जंघई, कैंट और वाराणसी सिटी, औड़िहार के रास्ते जाएगी। बरौनी से दो फरवरी को चलने वाली बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस 120 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी। बलिया से दो फरवरी को चलने वाली बलिया-आनंद विहार टर्मिनल 120 मिनट रि-शिड्यूल कर बलिया स्टेशन से खुलेगी।

**अगले महीने दो स्पेशल ट्रेनें चलाएगा रेलवेः** ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए रेलवे ने दो स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। जिनकी शुरूआत दो फरवरी से होगी। अप-डाउन में दोनों ट्रेनें एक-एक चक्कर लगाएंगी। रेलवे ने जालंधर सिटी-बनारस और भटिंडा-बनारस स्पेशल ट्रेन चलाने की मंजूरी दी है। ट्रेन नंबर 04606 जालंधर सिटी से दो फरवरी को अपराह्न 3:10 बजे चलेगी। बनारस तीन फरवरी को सुबह 6:45 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन में 18 अनारक्षित कोच हैं। वहीं ट्रेन नंबर 04530 भटिंडा से दो फरवरी को रात 9:05 बजे चलेगी, जो बनारस तीन फरवरी को शाम पांच बजे पहुंचेगी।

**शिवांगी मोबाइल सेंटर की घटना, मऊ के सारहू पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर स्थित है दुकान**

# दीवार काटकर कई दर्जन मोबाइल सहित सीसीटीवी कैमरे ले उड़े चोर

**केटी न्यूज/मऊ**

मऊ शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के सारहू चौकी से चंद कदम की दूरी पर स्थित एक मोबाइल की दुकान से शनिवार की देर रात चोरों ने दीवार काटकर कई दर्जन मोबाइल सहित सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर और कई अन्य सामान उड़ा ले गए । रविवार की सुबह घटना की जानकारी होने पर दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर सामान बरामदगी की गुहार लगाई। जानकारी के मुताबिक पंकज गौड़ की मोबाइल की दुकान सारहू पुलिस चौकी से महज कुछ दूरी पर शिवांगी मोबाइल सेंटर नाम से है। शनिवार की देर रात चोरों ने दुकान के पिछले हिस्से के ऊपर की दीवार को काटकर विभिन्न कंपनियों के मोबाइल फोन के साथ दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा और उसका डीवीआर चोरी कर लिया। आते जाते लोगों ने सुबह दुकान का पिछला हिस्सा टूटा देखकर दुकान मालिक को इसकी जानकारी दी। फिलहाल सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को लेकर जांच में जुटी रही।




चोरी की घटना की जानकारी मिलने के बाद दुकान के बाहर लगी लोगों की भीड़

### पंचायत भवन का सीसीटीवी कैमरा युवक ने तोड़ा

**मऊ।** रतनपुरा प्रखंड के दतौड़ा ग्राम पंचायत के खोहिया पुरवे में अवस्थित पंचायत भवन का सीसीटीवी कैमरा रात्रि में अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़ दिया गया। इसकी सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान पारसनाथ यादव मौके पर पहुंच गए, और इसकी सूचना पुलिस को दी।

बताया जाता है कि किसी अज्ञात युवक द्वारा पंचायत भवन का 2 सीसीटीवी कैमरे रात्रि 11:05 पर तोड़ दिया गया था ,और टूटा हुआ कैमरा सामने के कुएं में फेंक दिया। दूसरे दिन इसकी जानकारी ग्राम प्रधान को दी गई ,और सीसीटीवी का फुटेज खंगाला गया तो पता चला कि गांव का ही एक युवक सीसीटीवी कैमरा तोड़कर के उसे नजदीक के कुएं में फेंक दिया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रतनपुरा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसका नाम पिंटू राजभर पुत्र हरेंद्र राजभर बताया गया। उसने स्वीकार किया कि ब्रह्म स्थान पर धान के बोझ रखे गए थे, जिसको वह प्रतिदिन चुराता था, और उसे बेचकर शराब पीता था। सीसीटीवी कैमरे में उसका चेहरा कैद ना हो, इसलिए उसने कैमरे को तोड़ दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

### 26 वर्षीय कबड्डी खिलाड़ी की मौत से गांव में मातम



**मऊ।** जनपद के हलधरपुर थाना क्षेत्र के गांव देवदह में शनिवार की रात्रि में 26 वर्षीय कबड्डी खिलाड़ी की आकस्मिक मौत से पूरे गांव में कोहराम मच गया। शनिवार के शाम को कबड्डी खिलाड़ी धर्मराज चौहान पुत्र शिवबचन चौहान की अचानक तबीयत खराब हो गई। परिजनों को जानकारी हुई तो वह धर्मराज चौहान को इलाज के लिए मऊ अस्पताल लेकर जा रहे थे कि बीच रास्ते में ही खिलाड़ी की मौत हो गई। मौत की खबर से पूरे गांव में मायूसी छा गई। मौत की खबर पाते ही माता धर्मावती देवी दहाड़े मारकर रो रही थी। मृतक के तीन भाई तथा तीन बहनें हैं। जिसमें सबसे बड़ा धर्मराज चौहान, दूसरे नंबर पर मुन्ना चौहान, तीसरे नंबर पर चन्द्र शेखर चौहान भी अच्छा कब्बड्डी खिलाड़ी है। पिता राजकोट (अहमदाबाद) में किसी कम्पनी में काम करते हैं। मृतक खिलाड़ी का अन्तिम संस्कार गंगा घाट गाजीपुर में रविवार को किया गया। मुखाग्नि मृतक के पिता शिवबचन चौहान ने दिया।

## एक नजर

### उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के पुत्र अभिनव सिन्हा इंटर कॉलेज के प्रबंधक चुने गए



**गाजीपुर।** जम्मू काश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के पुत्र अभिनव सिन्हा श्रीनृसिंह इंटर कॉलेज मोहनपुरा के प्रबंधक चुने गये। श्रीनृसिंह इंटर कालेज मोहनपुरा की प्रबन्ध समिति का निर्वाचन रविवार को पुर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन अधिकारी डा अरविंद प्रधानाचार्य श्री शिवपूजन इंटर कालेज मलसा व पर्वेक्षक नवीन पाठक प्रधानाचार्य राजकीय सीटी इंटर कालेज गाजीपुर की देखरेख में सम्पन्न हुआ। जिसमें राम नारायण सिंह अध्यक्ष एवं अभिनव सिन्हा प्रबंधक सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी के सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुए। अभिनव सिन्हा के प्रबन्धक चुने जाने पर उपस्थित लोगो ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिया। इस मौके पर अभिनव सिन्हा ने कहा कि मै विद्यालय के उत्थान और उच्च शैक्षणिक वातावरण बनाने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। ज्ञातब्य हो कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी उपराज्यपाल बनने के पूर्व इस विद्यालय के प्रबन्धक रह चुके है। इस मौके पर विजय शंकर राय प्रवक्ता मलसा, सुजीत कुमार राय,प्रधानाचार्य रविन्द्र नाथ राय,रामजी राय,राकेश राय ,राजेश राय तथा देवेश कुमार राय आदि लोग मौजूद रहे।

### मऊ इंदारा रेलमार्ग पर अंडरपास बनाने की मांग



**मऊ।** कोपागंज ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सभा बाड़ा कटबानिया में ग्रामीणों द्वारा मऊ इंदारा रेलमार्ग पर अंडरपास बनाने की मांग को लेकर रविवार को धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे घोसी के पूर्व विधायक विजय राजभर को ज्ञापन देते हुए इस रेलमार्ग पर ग्रामीणों को आवश्यकताओ को देखते हुए अंडरपास बनवाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि बाड़ा ग्राम सभा को मऊ इंदारा रेलवे लाइन दो भागो में बाट दिया है। लोगों को एक दूसरे से मिलने के लिए 12 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। बताते चलें कि कोपागंज विकास खंड अंतर्गत ग्राम सभा बाड़ा कटबानिया की आबादी लगभग 3000 है। इस गांव को इंदारा से मऊ को जाने वाली रेलवे लाइन दो भागो में बाट दिया है। जिसके चलते ग्रामीणों को अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे लाइन से सटे पूरब तरफ प्राइमरी पाठशाला है। इसके अलावा कन्हैयालाल इंटर कालेज और जूनियर हाई स्कूल है जिसमे कटबंधिया चकशेखानी छपरा ,सराय मख्खन आदि गांवों से बच्चे पढ़ने के लिए आते जाते हैं। इसके अलावा गांव के नजदीक अदरी बाजार होने के चलते सैकड़ो ग्रामीणों का आना जाना लगा रहता है। सड़क मार्ग से जाने पर यह दुरी 10 से बारह किलोमीटर पड़ती है। ज्यादा दूरी से बचने के लिए लोग रेलवे लाइन पार कर आते जाते है। इस आने जाने में अबतक 100 लोगो की ट्रेन से कटकर मौत हो चुकी है। इस धरना प्रदर्शन में मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद घोसी के पूर्व विधायक विजय राजभर को ग्रामीणों ने ज्ञापन देते हुए हुए अंडरपास बनवाने की मांग किया। इस अवसर पर श्याम नारायण यादव ,फौजदार ,संतोष ,धर्मेंद्र यादव विक्रम लोहित लालचंद ,राम भवन चन्द्रिका यादव देवेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### क्रिकेट के होनहार तलाशेगा मऊ क्रिकेट संघ, आप बेहतरीन खेल दिखाएंः डॉ संजय सिंह

**मऊ ।** शारदा नारायण बालक बालिका जिला स्तरीय क्रिकेट गोल्ड कप का उद्घाटन डॉ भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में मऊ क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डॉ संजय सिंह द्वारा फीता काट कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ संजय सिंह ने खिलाड़ियां को प्रोत्साहित करते हुए ये आश्वासन दिया कि आपको जो भी भविष्य में जरूरत पड़ेगी उसके लिए मऊ क्रिकेट संघ हमेशा आपके साथ रहेगा। साथ ही होनहार बच्चों का चयन कर उन्हें स्पेशल कैंप करने के लिए कानपूर भेजा जायेगा। मऊ क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष अजित सिंह ने खिलाड़िओ को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाये दी। उद्घघाटन मैच सरफराज क्रिकेट अकादमी घोसी व एन ए सी ए मऊ के बीच खेला गया जिसमे मऊ की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया जिसमे निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 108 रन बनाये जिसमे सत्यम चौहान ने सर्वाधिक 40 रन का योगदान दिया।

# पतार गांव में बैंक आपके द्वार कैंप का आयोजन

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

करीमुद्दीनपुर अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया की शाखा लट्ठूडीह द्वारा क्षेत्र के पतार गांव में बैंक आपके द्वार कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के आंचलिक कार्यालय वाराणसी से पहुंचे अधिकारियों ने किसान क्रेडिट कार्ड साहित बैंक के सभी ऋण योजना के बारे में ग्राहकों को बताया। आंचलिक कार्यालय वाराणसी के मुख्य प्रबंधक गंगाधर सिंह ने ग्राहकों को किसान क्रेडिट कार्ड सहित कृषि से जुड़े व्यापार के बारे में जिसमें डेरी फार्म, मुर्गी पालन, बकरी पालन, मत्स्य पालन, सूकर पालन आदि पर व्यवसाय करने के लिए किसानों को प्रेरित किया। इस मौके पर वाराणसी से आए अधिकारी जेड आर खां द्वारा किसानों की समस्याओं के बारे में कहा कि यदि किसी का किसी कारण वश किसान क्रेडिट कार्ड से लिया गया ऋण खाता एनपीए हो गया है तो वह किसान बैंक द्वारा चलाए जा रहे संजीवनी योजना का लाभ उठाते हुए 50 प्रतिशत ऋण छूट का लाभ उठाकर अपने केसीसी ऋण का भुगतान कर सकता है। मार्केटिंग मैनेजर ऐश्वर्या श्रीवास्तव ने बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया।

# बदलावः एक अप्रैल से बढ़ेंगी शराब व बीयर की कीमतें

**केटी न्यूज/बलिया**

प्रदेश की नई आबकारी नीति के तहत शराब तथा बीयर पीने वालों को मंहगाई का जाम देगी। नए वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल से प्रदेश में देशी व अंग्रेजी शराब के साथ ही बीयर के दाम भी बढ़ जाएंगे। प्रदेश कैबिनेट ने शनिवार को आबकारी नीति वर्ष 2023-24 को मंजूरी दी है। जिसके तहत लाइसेंस फीस में दस प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है।

एक अप्रैल से देशी शराब के क्वाटर पर लगभग पांच रुपये व अंग्रेजी शराब के पापुलर ब्रांड के क्वाटर पर करीब दस रुपये की दर से वृद्धि होगी। बीयर के दाम एक केन पर पांच से सात रुपये तक बढ़ेंगे। इसके अलावा वर्ष 2022-23 की




तुलना में वर्ष 2023-24 में देशी शराब में एमजीक्यू (न्यूनतम गारंटी कोटा) पर दस प्रतिशत की वृद्धि की गई है। शराब विक्रेताओं को पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस बार देशी व अंग्रेजी शराब तथा बीयर की दस प्रतिशत अधिक बिक्री करनी होगी।

नये वित्तीय वर्ष में आबकारी विभाग ने 45 हजार करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया है।नई आबकारी नीति के अनुसार वर्ष 2022-23 के व्यवस्थित वार्षिक एमजीक्यू पर दस प्रतिशत की वृद्धि कर देशी मदिरा दुकानों का एमजीक्यू निर्धारित किया जाएगा। ग्रेन आधारित देशी शराब के दाम में भी बढ़ोतरी होगी। विदेशी मदिरा, बीयर व भांग की फुटकर बिक्री की दुकानों व माडल शाप की लाइसेंसी फीस में दस प्रतिशत की बढ़ोतरी का निर्णय किया गया है। इसके साथ ही माडल शाप पर मदिरा पान का शुल्क दो लाख रुपये से बढ़ाकर अब तीन लाख रुपये निर्धारित किया गया है।

इसके अलावा वैयक्तिक होम लाइसेंस के लिए मदिरा क्रय, परिवहन व निजी कब्जे में रखने की अधिकतम मात्रा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नए वित्तीय वर्ष में नवीनीकरण से अवशेष देशी व विदेशी मदिरा, बीयर, भांग की फुटकर दुकानों व माडल शाप का व्यवस्थापन ई-लाटरी से होगा।

**मानव धर्म प्रसार गंगा आश्रम की ओर से जकरौली में मासिक सम्मेलन का आयोजन**

# कुछ भी बनने से पहले आप मानव बनेंः नंदलाल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

बयेपुर देवकली स्थित मानव धर्म प्रसार गंगा आश्रम की ओर से चौथे शनिवार को जकरौली गांव में मासिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में महाराज जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान इं.नंदलाल ने बताया कि महाराज जी ने मानव धर्म प्रसार प्राणी मात्र के लिए चलाया है। जिससे प्रत्येक मनुष्य के अंदर मानवता आ जाए। महाराज जी का पहला सूत्र। कुछ भी बनने से पहले आप मानव बने। मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जो भजन एवं सेवा, परोपकार से भगवान को प्राप्त कर सकता है। महाराज जी



ने कहा था कि परोपकारी धर्मात्मा बिना साधन भजन के भी परमात्मा को प्राप्त कर सकता है। अवधेश मास्टर ने कहा कि दुनिया में दो तरह के लोग हैं एक मानव एक दानव। आपके अंदर मानवता है तो आप मानव है ,नहीं तो दानव। युवा व्यास माधव कृष्ण ने बताया कि हमारे महाराज धरती पर आए तो धर्म के ऊपर धूल जम चुका था। लोगों ने जाति पाति में विश्वास करने को ही धर्म मान लिया था।

लोग व्रत उपवास कर रहे हैं और जाकर पड़ोसी को गाली दे रहे हैं। उसी को मुकदमे में फंसा रहे हैं यह धर्म नहीं है। प्रत्येक मनुष्य के अंदर भगवान राम एवं माता सीता को देखना चाहिए, यही धर्म है यह सब हमने पढ़ा लेकिन आचरण में नहीं उतार पाए। धर्म आचरण में उतारने वाली चीज है। हमारी वासना एवं इच्छाएं हमेशा हमें परेशान करती हैं। पहले के राजा 50 वर्ष के बाद जंगल में चले जाते थे वानप्रस्थ एवं सन्यास के लिए और केवल भगवान का भजन करते थे।

# ट्राइब्रेकर में पखनपुरा को हरा फाइनल में पहुंचा भोजपुर

**केटी न्यूज/नरहीं**

युवक संघ नरही द्वारा आयोजित 'जय बाबू राय बाबा फुटबॉल प्रतियोगिता' का दूसरा सेमीफाइनल मैच भोजपुर बिहार व पखनपुरा गाजीपुर के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में भोजपुर ने ट्राईब्रेकर में पखनपुरा को 4-3 से हराकर फाइनल में पहुंचा। नरहीं गांव के खेल मैदान पर चल रहे फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल मैच के मुख्य अतिथि अमित राय ग्राम प्रधान जोगा गाजीपुर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच शुभारंभ कराया।

रविवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच भोजपुर व पखनपुरा गाजीपुर के बीच खेला गया। मैच शुरू होने के 27 वें मिनट में भोजपुर के खिलाड़ी हमजा गोल करने में कामयाब रहे इसके बाद पखनपुरा गाजीपुर के खिलाड़ी आतिफ 54वें मिनट में गोल कर टीम को बराबरी पर ला दिया निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं इस दौरान हजारों की संख्या में फुटबॉल प्रेमी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते रहे। आयोजन समिति ने मैच का फैसला ट्राईब्रेकर से कराया। जिसमें भोजपुर की टीम 4-3 से पखनपुरा को हराकर फाइनल में जगह बनाई फाइनल मुकाबला मंगलवार को नरहीं व भोजपुर के बीच होगा।